## सार-समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**जालोर**, (निसं)। शहर स्थित सेंट एंस सेकेंडरी स्कूल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं आराध्य संत खेतेश्वर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात् उपस्थित महिलाओं एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय की निदेशक पिंकी राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में अभिभावक अर्चना राजपुरोहित द्वारा सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनों को आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात् महिलाओं के लिए विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सिक्के एकत्रित करना, ग्लास बिल्डिंग निर्माण सहित अन्य मनोरंजक खेल शामिल रहे। साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों एवं गुलाल खेल के आयोजन ने कार्यक्रम में उत्साह का रंग भर दिया। इस अवसर पर दयावती चारण, अनुराधा पारीक, कविता भटनागर, रेखा अग्रवाल, पार्वती, सपना सालवी, सीमा सालवी, कविता सोलंकी, ममता वैष्णव, ऋतु गहलोत, रिंकू सांखला सहित अनेक अभिभावकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं कोमल सांखला, रश्मि भाटी, लता, सपना वैष्णव, रेखा सोलंकी एवं वर्षा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कोमल शर्मा ने प्रभावी ढंग से किया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त कर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

### परिवर्तन युवा समिति की बैठक हुई

**रेवदर** , (निसं)। मेघवाल समाज संस्था परिवर्तन युवा समिति रेवदर की बैठक रविवार को मेघवाल समाज छात्रावास रेवदर में आयोजित हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति के निवर्तमान कोषाध्यक्ष चेतन प्रकाश ने अवगत करवाया कि चुनाव अधिकारी मफतलाल धर्माणी एवं शंकरलाल बुनकर की उपस्थिति तथा मार्गदर्शक अशोक कुमार लुणोल, प्रकाश मेंघवाल रेवदर तथा मुकेश कुमार रामपुरा के निर्देशानुसार निर्विरोध डायाराम अनादरा को अध्यक्ष, रतन जीरावल को कोषाध्यक्ष एवं शांतिलाल रेवदर को सचिव नियुक्त किया गया। निवर्तमान ाध्यक्ष प्रवीण कुमार द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की गई एवं निवर्तमान सचिव रेवाराम द्वारा आगामी रूपरेखा रखी गई। अन्य पदों पर समाज के सक्रिय साथियों के समर्थन से निर्विवाद रूप से घोषणा हुई एवं राज्य सरकार द्वारा समाज को बालिका छात्रावास के आंवटित जमीन को निरस्त करने पर न्यायालय का रूख करने पर आम सहमति बनी। इस दौरान कैलाश कुमार, तलका राम , हरसन खाण, खंगार मकावल पिण्टू मिठन दिनेंश पोसीतरा, मुकेश बासन, कमलेश रायपुर मानाराम नागाणी, महेन्द्र पोसीतरा, महेन्द्र जीरावल रमेश मालीपुरा मोडाराम, प्रभाराम,बाबूलाल, दिनेश मोहन लक्ष्मण समेत समाज के सैकडों युवा उपस्थित रहे।

### देवलपुरा मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण

**पोकरण**, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत माडवा के राजस्व गांव देवलपुरा के ग्रामीणों द्वारा बडली नाथूसर से देवलपुरा तक निर्माणाधीन सड़क में घटिया सामग्री व गुणवत्ता की कमी की शिकायत के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ग्रामीणों ने 26 फरवरी को सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक्सईएन हर्षवर्धन डाबी को ज्ञापन सौंपकर सडक निर्माण में उपयोग हो रहे घटिया मटेरियल व गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की थी। इसी के तहत रविवार 8 मार्च को एक्सईएन हर्षवर्धन डाबी मौके पर पहुंचे और निर्माणाधीन सडक का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान सडक निर्माण कार्य में कुछ कमियां पाई गईं। इस पर एक्सईएन डाबी ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जहां-जहां सडक खराब पाई गई है, वहां पुन: सही गुणवत्ता के साथ निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही रुके हुए कार्य को दोबारा शुरू कर निर्धारित मानकों के अनुसार सडक निर्माण पूरा कराया जाएगा। गोपालदान चारण, फरसदान चारण, पप्पुराम ओड, सुरजाराम ओड, चम्पाराम ओड, अर्जुनदान चारण, उदयदान चारण, निम्बूराम ओड, मुलदान चारण, कादर खान व दीन मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

### एकता व जनजागृति का महत्व बताया

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब स्थित माजीसा मंदिर परिसर में सनातन धर्म सेवा एवं संवर्धन संस्थान के तत्वावधान मे हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगन्नाथपुरी के जगद्गुरु शंकराचार्य के कृपा पात्र शिष्य एवं आदित्य वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचन्द झा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रेमचन्द झा ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रत्येक हिन्दू का जागरूक होना अनिवार्य है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, भारत की आत्मा सनातन में बसती है। जब तक हम संगठित होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को नहीं बचाएंगे, तब तक राष्ट्र को परम वैभव पर नहीं ले जाया जा सकता। उन्होंने हिन्दू समाज को जाति-पाति से ऊपर उठकर एक होने और धर्म सम्मत जीवन जीने का उपदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सनातन धर्म सेवा एवं संवर्धन संस्थान के अध्यक्ष बंशीलाल सोनी ने बताया कि इस संगोष्ठी में शहर के लगभग 1०० से अधिक गणमान्य नागरिक, प्रबुद्ध जन और धर्म प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाराज जी का भव्य स्वागत किया गया और अंत में राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य सहयोग देने का संकल्प लिया गया। संस्थान के अध्यक्ष बंशीलाल सोनी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और आये हुए सनातन प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बडी संख्या में मातृशक्ति और युवा भी उपस्थित थे, जिन्होंने हिन्दू राष्ट्र के संकल्प को दोहराया।

### कविताओं का सातवां शतक लगा

**जालोर**, (कासं)। जिला मुख्यालय निवासी युवा कवि भरत गहलोत ने निरंतर साहित्य सृजन करते हुए अपनी 700 वी कविता लिखकर काव्य लेखन का सातवा शतक पूर्ण किया। भरत गहलोत ने बताया कि वे कक्षा 12 से ही साहित्य के प्रति रुचि रखते है तथा वरिष्ठ साहित्यकारों के सानिध्य में उन्होंने कविता लेखन प्रारंभ किया, वे इतिहासकार डॉक्टर मोहन लाल गुप्ता को अपना प्रेरणास्त्रोत मानते है, भरत गहलोत की रचनाएं लगभग 17 सांझा संकलनों व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुकी है। पेशे से बीमा अभिकर्ता भरत गहलोत कहते है कि युवाओं को साहित्य सृजन के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहिए।

### विधानसभा क्षेत्र प्रभारियों की घोषणा

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने विधानसभा अनुसार विधानसभा प्रभारी की घोषणा की है। जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने विधानसभा जालोर में भूपेंद्र देवासी को एवं विधानसभा सांचोर के लिए मुकेश कुमार खण्डेलवाल एवं विधानसभा रानीवाडा में जिला उपाध्यक्ष केराराम चौधरी को व विधानसभा भीनमाल में मंगल सिंह सिराणा एवं विधानसभा आहोर के लिए पुखराज राजपुरोहित विराणा को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने जिला संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल एवं जिला सह संगठन प्रभारी जगदीश देवासी से चर्चा कर विधानसभा स्तर पर संगठन कार्य को प्रभावी बनाने को लेकर विधानसभा के प्रत्येक बूथ को मजबूती प्रदान होने को प्रभारीयो की नियुक्ति की गई।

### शीतला माता मेले का शुभारम्भ आज

**जालोर**, (कासं)। शीतला सप्तमी मेले का विधिवत शुभारंभ सोमवार को सायं 5.30 बजे कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे मेला स्थल पर ध्वजारोहण कर करेंगे। नगरपरिषद् जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि शीतला माता मेला 10 मार्च, मंगलवार को आयोजित किया जायेंगा जिसका विधिवत शुभारम्भ 9 मार्च को सायं 5.30 बजे जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे मेला स्थल पर ध्वजारोहरण कर करेंगे। उन्होंने बताया कि मेला स्थल एवं उसके सभी प्रमुख पहुंच वाले सड़क मार्गों की सफाई व आवश्यक मरम्मत सम्बन्धी कार्य संपन्न किए जा चुके हैं।

### सोहम बाबा का बरसी महोत्सव 12 को

**जोधपुर**, (कासं)। सतगुरु देव भगवान सोहम बाबा का बरसी महोत्सव 12 मार्च, गुरुवार को सिवांची गेट, सोहमगढ़ स्थित सतगुरु देव भगवान सोहम आश्रम में मनाया जाएगा। आश्रम के प्रवक्ता सुमनेश व्यास ने बताया कि आज आश्रम परिसर में सोहम बाबा के शिष्य राधेश्याम जोशी, चंद्रसिंह गहलोत (चंद्रसिंहमामा), पंकज शर्मा, दुलारी बहन, राजलक्ष्मी शर्मा, सोहम शर्मा, बालकिशन पालीवाल, हरिशंकर व्यास, पुखराज भाट, मुकेश गहलोत, मुरली पुरोहित, नरेश छंगानी की मेजबानी में आयोजन की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा हुई।

# फलसूंड के संस्थापक वीर सबल सिंह जोधा की अश्वारूढ़ मूर्ति का अनावरण

**जोधपुर/पोकरण**,(का.सं.)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के फलसूंड में जोधपुर महाराजा जसवंत सिंह प्रथम के साथ काबुल के जमरूद व वीर दुर्गादास राठौड़ के साथ युद्ध में भागीदारी निभाकर अपने शौर्य व वीरता का प्रदर्शन करने वाले फलसूंड के संस्थापक व राव मालदेव के पौत्र वीर सबल सिंह जोधा की फलसूंड में स्थापित अश्वारूढ़ मूर्ति का रविवार को भव्य समारोह में हजारों लोगों की उपस्थिति में पूर्व महाराजा गज सिंह ने अनावरण किया।

### इतिहास व संस्कृति को जीवित रखने का सराहनीय कार्य

समारोह के मुख्य अतिथि जोधपुर के पूर्व महाराजा गजसिंह ने मूर्ति अनावरण के पश्चात आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा जसवंत सिंह प्रथम के समय व काबुल में व वीर दुर्गादास राठौड़ के साथ अपनी वीरता व शौर्य का प्रदर्शन करने वाले वीर सबल सिंह जोधा को सैकड़ो वर्षों बाद याद करना एक प्रेरणादायी कार्य है। उन्होंने कहा कि उनके अच्छे कार्यों के लिए आज इस समारोह में हम सभी उन्हें याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज ,इतिहास व संस्कृति को जीवित रखने का कार्य है जो सराहनीय है। उन्होंने इस आयोजन में सभी समाजों की भागीदारीपर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि राजस्थान की आन, बान ,शान एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वजों को याद करने ,उनका इतिहास व स्थानीय इतिहास की जांच हो ताकि इस कार्य पर और ज्यादा जानकारी मिल सके।

### राजस्थानी भाषा को मान्यता जल्दी मिले

गज सिंह ने इस अवसर पर राजस्थानी भाषा को मान्यता में हो रही देरी व वर्षों के इंतजार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब राजस्थानी भाषा को मान्यता जल्दी मिलनी चाहिए। राजस्थानी भाषा को मान्यता के लिए वर्षों से हर स्तर पर मांग की जा रही है। कहा कि राजस्थानी भाषा हमारी संस्कृति इतिहास, रीति-रिवाजो के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा से पुन: संकल्प पत्र पारित करके केंद्र सरकार को जल्दी भिजवाया जाना चाहिए।

### औरण व गोचर का संरक्षण जरूरी

गज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि औरण आरंग व गोचर भूमि का संरक्षण जरूरी है। यह पशुधन व वन्य जीव के लिए उपयोगी है। खेजड़ी व अन्य वृक्षों को नहीं काटा जाए । पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को साथ रहना है,मिलजुल कर कार्य करना है।

समारोह को पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल ने संबोधित करते हुए कहा कि वीर सबल सिंह जोधा का शौर्य हमेशा याद किया जाएगा। ऐसे वीर की मूर्ति लगना प्रेरणादायी है।

विधायक पोकरण प्रतापपुरी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि आज आवश्यकता हमें अपनी परंपराओं व संस्कृति की सुरक्षित व संरक्षित रखने की है। इसी के साथ हमें आज के युग में आगे बढ़ाना है। वीर सबल सिंह जोधा की मूर्ति फलसूंड में स्थापित होना इस धरती को गौरवान्वित करती है।

विधायक शिव रविंद्र सिंह भाटी ने कहां की वीर सबल सिंह का नाम इतिहास में हमेशा अमर रहेगा। उनका हमेशा स्मरण किया जाएगा। भामाशाह मेघराज सिंह रॉयल ने कहा की प्रतियोगिता के युग में समाज के युवाओं को अधिक से अधिक तकनीकी जानकारी व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाने चाहिए।

मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने अपने संबोधन में कहा कि वीर सबल सिंह जोधा जैसे वीरों को याद करना और उनकी मूर्ति स्थापित करना उस वीर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि गज सिंह जैसे संरक्षक के कारण हम सभी गौरवान्वित हैं। समारोह को पूर्व प्रधान सुनीता भाटी ने ने संबोधित करते हुए कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। उन्होंने कहा कि धन्य है वीर सबल सिंह जोधा की माता जिसने ऐसे पुत्र को जन्म दिया था, जिनके शौर्य की गाथाएं आज हम सभी याद कर रहे हैं। समारोह को मोती सिंह जोधा ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन गंगा सिंह जोधा ने दिया।

समारोह में सिरे मंदिर जालोर के महंत गोविंद नाथ, स्वामीजी की ढाणी मठ के रावल पुरी महाराज , परेऊ मठ के ओंकार भारती महाराज, शेरगढ़ मठ के शिवगिरी महाराज ,भियाड़ मठ के मगनपुरी महाराज ,सिवाना कोटेश्वर धाम तीर्थ मठ के सत्यम गिरी महाराज, बांदोलाई मठ पोकरण के अनोप पुरी महाराज व करणी कृपा आश्रम नाचना के महंत योगी राम का समारोह में सानिध्य मिला।

अतिथियों का स्वागत उदय सिंह जोधा ,गंगा सिंह जोधा, हरि सिंह जोधा, विजय सिंह जोधा, पूर्व प्रधान इंद्र सिंह, सरपंच फलसूंड रतन सिंह जोधा, लक्ष्मण सिंह, मोती सिंह जोधा, नेपाल सिंह, दलपत सिंह ,भंवर सिंह, रणवीर सिंह,हुकम सिंह ,भंवर सिंह, महिपाल सिंह ,कमल सिंह, बाबू सिंह, श्रवण सिंह ,मेहताब सिंह, अर्जुन सिंह, उगम सिंह ,महेंद्र सिंह, कालू सिंह, मोहन सिंह, छैल सिंह, धन सिंह, भोपाल सिंह, कमल सिंह,डूंगर सिंह, भवानी सिंह ,पर्वत सिंह, सगत सिंह ने किया। संचालन लक्ष्मण सिंह गड़ा ने किया।

### जिनमणिप्रभ सूरीश्वर 'राष्ट्र रत्न' से सम्मानित

जैसलमेर, (नि.सं.)। स्वर्णनगरी में आयोजित तीन दिवसीय दादागुरुदेव चादर महोत्सव संपन्न हुआ

इससे पूर्व गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर महाराज को राष्ट्र रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। सम्मान महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर दिया गया। उपाध्याय प्रवर महेंद्रसागर को आचार्य पद से अलंकृत किया गया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दूरभाष से शुभकामनाएं दी। समिति के चेयरमैन मंगल प्रभात लोढ़ा एवं संयोजक जीतो के पूर्व चेयरमैन तेजराज गोलेछा, राष्ट्रीय सचिव पद्म टाटिया, समन्वयक प्रकाश चंद लोढ़ा और समायोजक महेंद्र भंसाली ने धन्यवाद दिया। चादर महोत्सव के अंत में सभी श्रद्धालुओं को चादर अभिषेक जल और वासक्षेप को वितरण किया गया।

### विशेष शिविर 9 से

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड बनाए जाने के लिए 9 मार्च से पाली के शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष शिविर लगेंगे।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने जानकारी दी।

# संतों के स्वागत में कायलाना चौराहे से शोभायात्रा निकली

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रसंत ललितप्रभ महाराज ने कहा कि भारत की राजधानी दिल्ली है तो और हमारी राजधानी जोधपुर है। हम देश में जहां भी जाते हैं लोग हमें सुनने के लिए हजारों की संख्या में आते हैं और हम पूरे देश की यात्रा करने के बाद जोधपुर आ जाते हैं क्योंकि यहां की अपणायत, सद्भाव, प्रेम और मिठास हमें सदा याद रहता है। अगर हम पूरे देश में छाए हुए हैं तो उसकी सबसे बड़ी वजह जोधपुर है।

उन्होंने कहा कि सुख-दुख जीवन के पहलू है। हमें सुख का भी स्वागत करना चाहिए और दुख का भी। जीवन में विपरीत परिस्थिति बनना पार्ट आफ लाइफ है पर हंसते मुस्कुराते हुए उसे पार कर लेना यही आर्ट ऑफ लाइफ है। परिस्थिति भले ही बदले पर हमारी मन:स्थिति हमेशा मस्त रहनी चाहिए। अगर इंसान जीवन का यह मंत्र बना ले कि मुझे जो भी मिला है, जैसा भी मिला है,जिस रूप में भी मिला है हर परिस्थिति का आनंद उठाऊंगा उसे दुनिया की कोई ताकत दुखी नहीं कर सकती है। हम जो पसंद करते हैं भगवान हमें वह नहीं दे सकता अगर हम भगवान ने जो दिया है उसे पसंद करना शुरू कर दे तो जिंदगी स्वर्ग बन जाएगी। हमें हमेशा सब के बारे में भले की सोच रखनी चाहिए क्योंकि जब हम दूसरों के बारे में बुरा सोचते हैं तो सबसे पहले हमारा ही बुरा होता है और जब हम दूसरों के बारे में भला सोचते हैं सबसे पहले हमारा ही भला होता है।

जीने की कला के मंत्र देते उन्होंने कहा कि कभी भी शिकायत ना करें हमेशा शुकराना समर्पित करें, कभी भी आह आह नहीं करें हमेशा वाह वाह करें, दूसरों को खुशियां बांटने की कोशिश करें, दिल को उदार रखें, मन को सकारात्मक रखें, स्वभाव को सरल रखें और चेहरे पर मुस्कान रखें तो जिंदगी जीते जी सुंदर और शानदार बन जाएगी।

इस अवसर पर संत चंद्रप्रभ महाराज ने कहा कि ललितप्रभ महाराज ने चार राज्यों में 18,00 किलोमीटर से ऊपर की पदयात्रा करते हुए लाखों श्रद्धालु भाई बहनों को धर्म लाभ देकर जो त्याग और सेवा की है को हम अनुमोदन अभिनंदन और नमन करते हैं। समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा करना सबसे बड़ी तपस्या है।

इस दौरान डॉ मुनि शांति प्रिय सागर महाराज ने कहा कि कभी शबरी ने पुकारा था तो राम चले आए, कभी राजुल ने पुकारा तो नेमिनाथ चले आए, कभी मीरा ने पुकारा तो मोहन चले आए, कभी चंदन बाला ने पुकारा तो महावीर चले आए ऐसे ही जोधपुर वालों ने पुकारा तो गुरुदेव चले आए।

इससे पूर्व संतों के आगमन पर उनका भव्य स्वागत और अगवानी कायलाना चौराहा पर की गई जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए और धूमधाम से गुरुदेव के जय कारे लगाते हुए और अक्षत से बधावना करते हुए संबोधि धाम पहुंचें जहां पर धर्म सभा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल की ओर से अध्यक्ष अशोक पारख ने गुरुजनों का स्वागत किया और आभार महासचिव देवेंद्र गैलड़ा ने समर्पित किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा योग नृत्य प्रस्तुत किया गया। महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत गाया गया। कार्यक्रम में के एन भंडारी किशन गर्ग नवरतन मानधना जे एल राठी निर्मल गहलोत ओमकार वर्मा प्रवीण मेहता पंकज कोठारी वीरेंद्र मोहनोत अमित सिंघवी राज रूपचंद मेहता राजीव जायसवाल अमित धारीवाल राजीव खंडेलवाल दिनेश साबू सोहनलाल मेड़तिया संदीप मेहता हरीश भंसाली हनुमान सिंह चौहान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नेहरू पार्क में कार्यक्रम हुआ

**भीनमाल**, (निसं)। सन टू ह्यूमन परिवार द्वारा स्थानीय नेहरू पार्क में होली स्नेह मिलन का आयोजन ऊर्जावान एल्कलाइन नाश्ते के साथ किया गया।

कन्हैयालाल खंडेलवाल ने कहा कि होली या अन्य उत्सव के बहाने हम भीतर की शक्तियों को जागृत करने का प्रयास करें। नेहरू पार्क में चलने वाले दैनिक प्रयोग प्रभारी हनुमान शर्मा ने नाभि झटका आदि के व्यायाम प्रयोग करवाए। कुमारी दिशा खंडेलवाल ने स्वस्थ मनोरंजन वाले खेल और विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाकर सभी को आनंद से सराबोर कर दिया। पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रेमराज बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष जयरूप राम माली, जोगाराम चौधरी, नारायण जांगिड, भरत शर्मा, हरिराम विश्नोई, दिनेश भाटी,अशोक मेहता, सुमित बाहेती,जोरावरसिंह राव, पारस घांची, सांवलाराम सेन,सुरेश माली, सुरेश अग्रवाल, नवरतन अग्रवाल, संदीप देसाई, अशोक धारीवाल, रमेश अग्रवाल, प्रभुराम पांचाल, जीवाराम विश्नोई, देवेंद्र त्रिवेदी, प्रवीण बालोत, रतनाराम घांची, मदनलाल माली, दानाराम देवासी, बाबूलाल सोलंकी, किशोर सुथार, मोतीराम गर्ग, कैलाश माहेश्वरी, शोभा शर्मा, चेतना नगर, रिया सैनी, भगवती देवी, गुडयि खंडेलवाल, पूर्णिमा सोनी, कैलाश जैन , अशोक दर्जी सहित कई जने उपस्थित थे।

# महिलाओं को प्रोत्साहित करें : डॉ. गांवडे

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग, जालोर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजेंद्र नगर स्थित जालोर क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गांवडे ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य हैं कि वे महिलाओं को जीवन में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करें तथा देश की बेटियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाएँ जिसके फलस्वरुप वे इंजीनियरिंग, मेडिकल, रिसर्च एजुकेशन आदि क्षेत्रों में देश का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. मंजू मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति ऋण एवं कौशल संवर्धन योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, मां वाउचर योजना, बैंक सखी, ड्रोन दीदी, सखी वन स्टॉप सेंटर, राज कॉप सिटीजन एप आदि के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं। समारोह में मंजू सोलंकी ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हैं अत: हमारा कर्तव्य हैं कि बालिकाओं को बेहतर शिक्षा एवं मंच मिले जिसके फलस्वरुप वे एस्ट्रोनोट सुनीता विलियम्स, उड़नपरी पी.टी. उषा, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम की तरह देश का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम में कालिका यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित राज कॉप एप्प के बारे विस्तार से बताया। कार्यक्रम में नन्ही बालिकाओं ने विभिन्न गीतों पर सांस्.तिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला उद्यमियों, महिला स्पोर्ट्स पर्सन, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं साथिन को पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना पुरस्कार एवं माता यशोदा पुरस्कार का वितरण किया गया। उन्होने बताया कि जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 4 से 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यशाला, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम, आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी कार्यक्रम, महिलाओं की उद्यमिता प्रोत्साहन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद किशोर राजोरा, आईसीडीएस के उप निदेशक अशोक विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

### होली स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान मेघवाल युवा परिषद द्वारा मेघवाल समाज का होली स्नेह मिलन मसूरिया स्थित मेघवाल छात्रावास जोधपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी गणमान्य लोग उपस्थित हुए ।

राजस्थान मेघवाल युवा परिषद जोधपुर के अध्यक्ष कमलेश बागराना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज में फैली कुरीतियों मिटाने, और समाज को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित बनाने का आव्हान किया। महासचिव अशोक मेहरा ने भी समाज के लड़के और लड़कियों को ज्यादातर शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया और कहां की शिक्षा ही वो शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा उतना ही दहाड़ेगा।

# भूखंडों की ई-नीलामी शुरू

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में माह फरवरी-मई 2026 ई-नीलामी कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार 9 मार्च को प्राधिकरण द्वारा राजीव गांधी नगर के भू.सं. जी-51, जी-67 एवं महात्मा गांधी नगर के भू.सं. 1 व 30 की ई-नीलामी की जाएगी।

निदेशक वित्त मंजीत चारण ने बताया कि माह फरवरी-मई 2026 ई-नीलामी कार्यक्रम के अन्तर्गत आवासीय, व्यावसायिक एवं फार्म हाउस भूखण्डों सहित कुल 150 भूखण्डों की नीलामी की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा मंगलवार, 10 मार्च को राजीव गांधी नगर के भू.सं. जी-68, जी-84 एवं महात्मा गांधी नगर के भू.सं. 24 व 46 की ई-नीलामी की जाएगी। निदेशक वित्त चारण ने बताया कि आवेदकों द्वारा ई-नीलामी कार्यक्रम माह विभिन्न योजनाओं के भूखण्डों को क्रय करने हेतु नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाकर ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार ऑनलाईन बिड लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी की प्रक्रिया एसएसओ आईडी के जरिये अरबन सर्विसेज के माध्यम से की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा दिनेश कुमार ने बताया कि भव्य ई-नीलामी में जेडीए की महत्वकांक्षी उजलिया फार्म हाउस योजना, राजीव गांधी नगर चौखा आवासीय योजना, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विहार आवासीय योजना, अरणा विहार योजना, झरणा विहार योजना, महात्मा गांधी नगर, मण्डलनाथ आवास योजना, विज्ञान नगर योजना, सुन्दरसिंह भण्डारी नगर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर बासनी तम्बोलिया के भूखण्डों एवं खसरा संख्या 701 ग्राम चौखा स्थित व्यावसायिक भूखण्डो की भव्य ई-नीलामी की जाएगी। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डों हेतु अलग-अलग निर्धारित की गई है। नीलामी के समस्त भूखण्डों एवं ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

# महिलाओं का हौंसला बढ़ाया

**पाली**, (नि.सं. )। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग पाली द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का आयोजन जिला परिषद् सभागार, पाली में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद पी.पी. चौधरी व अन्य सम्माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती पूजन व दीपप्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का परिचय भागीरथ उपनिदेशक महिला अधिकारिता ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देष्य जिले भर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

ज्ञानचंद पारख पूर्व विधायक ने उपस्थित महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का फायदा लेने के लिए प्रेरित किया तथा बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रषिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में सषक्त बेटी व महिला की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व विधायक ने बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत वंदेमातरम और तलवार बाजी आदि साहसिक प्रस्तुतियों की प्रशसा की।

सुनील भण्डारी ने कहा कि महिलाये अधिक से अधिक राजनीतिक क्षेत्र में आगे आये। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पन्नाधाय सुरक्षा सम्मान योजना के अंतर्गत संस्थागत/व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम स्थान सन्तोष सांखला, द्वितीय महिला सुरक्षा सहयोगी समिति, तृतीय स्थान पर पारस थानवी को क्रमषः 7500/-, 5000/- व 2500/- के चेक, शॉल, प्रशस्ती-पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में महिला एवं बाल विकासकर्मी हेतु नसीम आरा को श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पार्वती वैष्णव को श्रेष्ठ साथिन, सविता वैष्णव को आषा सहयोगिनी व संतोष को श्रेष्ठ आंगनवाडी सहायिका प्रत्येक को 11000/-रूपये का डमी चेक, प्रषस्ती-पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

तथा जिले के प्रत्येक ब्लॉक से एक-एक श्रेष्ठ साथिन, एक सखी सेंटर विधिक सलाहकार तथा मंच संचालक मांगीलाल तंवर को महिलाओं को विधिक जानकारी देने के लिए सम्मानित किया गया। 21 बैटियों को घेवर खिलाकर, खिलोने व बेबी किट देकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। बांगड़ महाविद्यालय की छात्राओं, साथिनों व मैयो कॉलेज अजमेर की छात्रा ने कत्थक नृत्य व लक्षिता ने 'राम आयेंगे' पर नृत्य कर वाहवाही लूटी।

# जोधपुर में महिलाओं को सम्मानित किया

**जोधपुर**, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जोधपुर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर (एमआईसी) में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा उद्यमशीलता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं ।

इस अवसर पर बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने तथा समाज में सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जन्मोत्सव कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

समारोह में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल द्वारा पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना-2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली मानदेयकर्मी साथिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय पुरस्कार के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुड्डीयाला, तिवरी की साथिन श्रीमती चंद्रा कुमारी, भीलों का बास, नांदड़ी मंडोर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अरुणा शर्मा तथा शोभावतो की ढाणी, जोधपुर शहर की आंगनबाड़ी सहायिका सरोज को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान जिला कलक्टर द्वारा समेकित बाल विकास सेवाएं के अंतर्गत 'माता यशोदा पुरस्कार-2026' के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत जोधपुर जिले से ओसियां की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुड्डी देवी, शिक्षक कॉलोनी की कार्यकर्ता सुमन तथा जोगनगर आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता पप्पू देवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स की जोधपुर सिटी ब्रांच ने राजस्थान सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजी के बैनर तले एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन अशोक उद्यान, जोधपुर में किया गया, जिसका मुख्य विषय साड़ीथॉन रखा गया। इस अनोखी पहल में महिला चिकित्सकों और प्रतिभागियों ने पारंपरिक साड़ी पहनकर स्वास्थ्य जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

इस अवसर पर राजस्थान सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स के अध्यक्ष डॉ. मनोज कमल, उपाध्यक्ष डॉ. गीता सिंगारिया तथा आई एस ए जोधपुर सिटी ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. विकास राजपुरोहित, सचिव डॉ. शिखा सोनी, कोषाध्यक्ष डॉ. स्वाति छाबड़ा और डॉ. प्रमिला सोनी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और शहरवासी शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की भूमिका का सम्मान करने के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान आमजन को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षक उपायों की जानकारी भी दी गई। विशेष रूप से पंचरक्षक इमरजेंसी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें अचानक आपात स्थिति में किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए किए जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों के बारे में विस्तार से बताया गया।

विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में जिला अस्पताल पावटा में महिलाओं का सम्मान किया गया । जिला अस्पताल पवट।के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलबीर सिंह चोपड़ा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मुख्य थीम गिव टू गेन (दान से लाभ) है ।

यह विषय लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं को अवसर, सहयोग और समर्थन देकर सशक्त बनाने पर जोर देता है जिससे समाज और देश की समृद्धि हो सके।

यह दिन महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक ,सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियां को सम्मान करता ह। इस अवसर पर डॉ . मनीष कच्छावा को सभी महिलाओं ने जन्मदिवस की बधाईयां दी ।

इस सम्मान समारोह में डॉ. रजत अरोड़ा व डॉ .गोपाल सिंह शेखावत के साथ ही नर्सिंग अधिकारी भगवती कटानिया, इन्द्रा चौधरी, मंजू ताड़ा, उर्मिला शर्मा, भगवती मेघवाल ,अर्चना प्रजापति, अनिता चौधरी, जीत कंवर व ममता ग्वाला आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग अधीक्षक दिलीप सिंह राठौड़ द्वारा किया गया।

### शोभा यात्रा 31 को

**जोधपुर**, (कासं)।श्री महावीर जैन नवयुवक मण्डल एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति, जोधपुर की ओर से भगवान महावीर स्वामी का 2625वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) 25 मार्च से 5 अप्रेल तक कई कार्यक्रम के साथ मनाया जायेगा।

समिति सचिव धीरज कुमार रांका ने जानकारी देते हुए बताया कि महावीर जयंती पर 25 मार्च से को पावटा स्थित भगवान महावीर उद्यान में प्रात: 8.30 बजे ध्वजारोहण से कार्यक्रमों का आगाज होगा।


**सार्वजनिक सूचना (PUBLIC NOTICE)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म M/s Supreme Diagnostic Centre, Firm Regd. No.: RF/JLR/2022/1934, दिनांकः 26/05/2022, स्थितः Basement of Jalore Super Market, Kacheri Road, Jalore - 343001 (राजस्थान) की साझेदारी में परिवर्तन (Dissolution) हुआ है।

श्री रोहित बावल, पुत्र श्री मोहन लाल, निवासी 1672, आशापुरा मोहल्ला, ग्राम मुंडारा, तहसील बाली, जिला पाली (राजस्थान) - 306705 जो उक्त फर्म के साझेदार थे, उन्होंने आपसी सहमति से दिनांक 31/03/2023 से फर्म की साझेदारी से सेवानिवृत्ति (Retirement) ले ली है।

दिनांक 31/03/2023 के पश्चात उनका फर्म के व्यवसाय, लाभ-हानि, देनदारियों अथवा किसी भी प्रकार के लेन-देन से कोई संबंध नहीं रहेगा। अतः उक्त तिथि के बाद फर्म के नाम से किए गए किसी भी कार्य, व्यवहार या दायित्व के लिए श्री रोहित बावल उत्तरदायी नहीं होंगे।

दिनांक 01/04/2023 से फर्म का समस्त व्यवसाय श्रीमती चंचल, पत्नी श्री नवीन कुमार, निवासी F-47, UIT Colony, प्रताप नगर, जोधपुर (राजस्थान)- 342001 द्वारा संचालित किया जा रहा है।

यह घोषणा (Declaration) मैं, श्रीमती चंचल, Continuing Partner, द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी हेतु जारी कर रही हूँ, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

दिनांकः 27/02/2026 स्थानः जालोर

**For M/s Supreme Diagnostic (Continuing Partner)**

श्रीमती चंचल-हस्ताक्षर